# सीहोर जिला

नवभारत

भोपाल, बुधवार, 13 अगस्त, 2025







## एक नजर में



### वीरों के बलिदान का प्रतीक है हम सबका तिंरगा : राय

**सीहोर.** भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हर घर तिरंगा लगाकर विधायक सुदेश राय ने तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया. तिरंगा अभियान से आम नागरिकों को जोडऩे के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को विधायक सुदेश राय ने प्रोत्साहित भी किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर हर घर तिंरगा अभियान शुरू हो गया है. प्रत्येक नागरिक को अपने निज निवास पर राष्ट्र की आन, बान, शान हमारा गौरव राष्ट्रीय ध्वज तिंरगा फहराना है. उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना और तिरंगे की ताकत को दुनिया ने देखा है. तिरंगा वीरों के बलिदान का प्रतीक है. तिरंगे की शान को बनाए रखना सभी का कर्तव्य है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है.




### अभियान के तहत हाथों में तिरंगा थामे निकाली बाइक रैली

**बुधनी.** आजादी के अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई. बाइक रैली निकाली दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो होते हुए पुन: दशहरा मैदान पर संपन्न हुई. इस दौरान बाइक पर सवार नगर के प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी हाथों में तिंरगा थामकर यात्रा में शामिल हुए थे. कार्यक्रम के समापन अवसर पर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, तहसीलदार ललित सोनी, एसडीओपी रवि शर्मा, थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी, जनपद सीईओ दिलीप जैन, नप सीएमओ संतोष रघुवंशी, संदीप जाट, राजेश मालवीय, बीआरसी मणिशंकर शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी, शासकीय सहित निजी स्कूल संचालक और नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता और देशभक्ति का संदेश दिया.



### धाकड़ समाज धूमधाम से मनाएगा धरणीधर जन्मोत्सव

**इछावर.** धाकड़ समाज द्वारा आगामी 14 अगस्त को भगवान धरणीधर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. जिसकी तैयारी को लेकरबैठक आयोजित की गई. सर्व सहमति से चल समारोह अध्यक्ष पुन: तेजपालसिंह नागर को बनाया गया. बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज द्वारा डीजे के साथ भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी. जो ग्रामदेवी दशहरा मैदान इछावर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, मुख्य बाजार, पुलिस थाना चौराहा होते हुए मेहता गार्डन, वार्ड 12 में संपन्न होगी. बैठक में जगदीश धाकड़, राजेन्द्र नागर, विनोद नागर, भोजराज नागर, राधेश्याम नागर, दिनेश नागर, रामसिंह नागर, मोहन, निखिल नागर सहित सामाजिक बन्धु उपस्थित थे.




### महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस

**इछावर.** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर शिक्षक विनीत शर्मा के आतिथ्य और प्राचार्य डॉ सुनीता यादव की अध्यक्षता व नीता माहोर की उपस्थिति में किया गया. इस दौरान शिक्षक श्री शर्मा ने कहा कि स्व. डॉ रंगनाथन के जन्मदिवस की स्मृति में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाया जाता है. उन्होंनेदेश में पुस्तकालयों को बहुत कुछ देकर शैक्षिक मूल्यों को समृद्धि दी. पुस्तकालय प्रभारी सुश्री नीता माहोर ने ग्रंथालय, पुस्तकालय की विशेषताओं को इंगित किया. इसी प्रकार प्राचार्य डॉ. सुनीता यादव, मुकेश शर्मा, सीताराम विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम में डॉ. अरविंद बैस, शरद मेश्राम सहित विद्यार्थी उपस्थित थे.



### नगर परिषद ने किया टीनशेड का भूमि पूजन

**भैरूंदा.** नगर परिषद वार्ड एक बरकत कॉलोनी में 18 लाख रुपए की लागत से चबूतरा टीनशेड का भूमि पूजन किया. नपाध्यक्ष मारुति शिशिर, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, विशाल खंडेलवाल, कैलाश धावरे, मंडल उपाध्यक्ष ओम राठौर, मंडल उपाध्यक्ष चतुर्भुज सोलंकी ,मंडल महामंत्री कपिल खंडेलवाल , खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष महेंद्र परिहार, समाजसेवी, गोपाल तिवारी, रवि शंकर राठौर, मुकेश शर्मा , अरविंद राठौर , सीएमओ आरपी भांवरे, केवल राम कुशवाहा , वार्ड प्रभारी मयूर तिवारी एवं वार्ड के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित थे.

# आस्था बनी मुसीबत, गांवों में गंदगी का अंबार

## कुबेरेश्वरधाम के समीपस्थ गांवों में जगह-जगह लगे गंदगी के अंबार से ग्रामीण हो रहे हैं परेशान



**सीहोर.** कांवड़ यात्रा के पश्चात कुबेरेश्वरधाम के आसपास के क्षेत्रों में गंदगी का अंबार लगा होने से बदबू से ग्रामीण परेशान हैं.

- कांवड़ यात्रा में देशभर से शामिल हुए थे लाखों श्रद्धालु
- आयोजन के बाद चारों ओर फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान

नवभारत न्यूज

**सीहोर. कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में 6 अगस्त को आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं. मुख्यालय की सीवन नदी घाट से शुरू होकर कुबेरेश्वरधाम पर यात्रा का समापन हुआ था.**

इस भव्य कांवड़ यात्रा में देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे. लेकिन, विशाल जनसैलाब के बीच फैली अव्यवस्थाओं के कारण सात श्रद्धालुओं की दुखद मौत ने आयोजन की सुरक्षा और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

जहां एक ओर अव्यवस्थाओं ने कई घरों में मातम फैलाया है. वहीं दूसरी ओर कुबेरेश्वर धाम के आसपास के गांवों में रहने वाले ग्रामीण आयोजन के बाद फैली गंदगी से खासे परेशान हैं. यात्रा के दौरान और उसके बाद धाम के समीपस्थ क्षेत्रों में जगह-जगह कचरे का अंबार लग गया है. प्लास्टिक की बोतलें, खाने-पीने के पैकेट और अन्य अपशिष्ट पदार्थ हर तरफ बिखरे पड़े हैं, जिससे पूरे इलाके में असहनीय बदबू फैल रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. ग्रामीणों का कहना है कि आयोजन समिति द्वारा साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे उनका जीना मुहाल हो गया है.

यह आयोजन व्यक्तिगत था इसलिए ग्रामीण प्रशासन से सीधे तौर पर सफाई की उम्मीद नहीं कर पा रहे हैं. लेकिन निराशा की बात यह है कि समिति ने भी अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया. ग्रामीणों का आरोप है कि गंदगी की वजह से बदबू इतनी ज्यादा है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है. उनका कहना है कि इस तरह के बड़े आयोजनों के बाद साफ सफाई की जिम्मेदारी आयोजकों की होती है, लेकिन यहां पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है. ग्रामीणों को डर है कि जल्द ही सफाई न होने पर बीमारियां फैल सकती हैं.

### पंचायत के पास नहीं है सफाई अमला

कुबेरेश्वरधाम के समीपस्थ अंचलों में फैली गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने पंचायतों में शिकायत भी की है, लेकिन विड़ंबना यह है कि ग्राम पंचायतों के पास भी इतनी बड़ी तादाद में सफाई करने के लिए पर्याप्त कर्मचारी और संसाधन नहीं हैं. नतीजतन ग्राम पंचायतें भी इस विकराल समस्या को हल करने में असमर्थ हैं. ग्रामीणों को डर है कि जल्द ही सफाई न होने पर क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं, जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ेगा.

### धाम पर चार लाख रुपए संपत्ति कर बकाया

कुबरेश्वर धाम को संचालित करने वाली विठलेश सेवा समिति की मनमानी से नापला खेड़ी ग्राम पंचायत के कर्मचारी परेशान हैं. धाम समिति ग्राम पंचायत को बकाया सम्पत्ति कर देने में आनाकानी कर रही है. धाम की दुकानों का एक साल का प्रॉपर्टी टैक्स चार लाख रुपए से भी ज्यादा बकाया है. लेकिन टेक्स जमा करना तो दूर की बात धाम के प्रबंधक नोटिस तक लेने को तैयार नहीं. ग्राम पंचायत से वर्ष 2018 में निर्माण की अनुमति मांगी गई, यहां पर करीब 1 लाख स्केवयर फिट एरिया में मंदिर, धर्मशाला, गोशाला, गेस्ट रूम, हाल, भोजनालय, दुकानों का निर्माण किया गया है. मंदिर और गौशाला का पंचायत संपत्ति कर नहीं लेती, लेकिन दुकान, गेस्ट हाऊस और धर्मशाला व्यवसायिक उद्देश्य से संचालित किया जा रहे हैं, इसलिए पंचायत इनसे टैक्स वसूल करती है. लेकिन कुबेरेश्वर धाम समिति ने बीते एक साल 2024 का प्रोपर्टी टेक्स जमा नहीं किया है. टैक्स जमा नहीं करने पर ग्राम पंचायत के सचिव और अन्य कर्मचारी कुबेरेश्वर धाम पर टैक्स नोटिस लेकर पहुंचे थे. पंचायत कर्मी जहां से बेरंग लौट आए. बताया जा रहा है कि यहां 200 के करीब दुकाने हैं इनके साथ ही धर्मशाला और गेस्ट हाऊस जिनका किराया विठलेश सेवा समिति जमा करती हैं.

### लैपटॉप चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**सीहोर.** कोतवाली पुलिस ने लैपटॉप चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को फरियादी रितेश विश्वकर्मा आ. ताकत सिंह विश्वकर्मा निवासी इंग्लिशपुरा ने लैपटॉप चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने अज्ञात बदमाशों की तलाश शुरू कर दी.

थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई. टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध से पूछताछ कर आरोपियों का पता लगाया गया. पुलिस ने संस्कार उर्फ चिंटू अग्रवाल आ. सोहनलाल अग्रवाल निवासी उमराव पटेल का बगीचा व स्वयं पिता हरि सिंह सूर्यवंशी निवासी ग्राम वेदाखेड़ी थाना आष्टा को गिरफ्तार कर चोरी गया लैपटॉप बरामद किया गया. इस कार्यवाही में रामबाबू वर्मा, मनोज वर्मा, अशोक यादव, कपिल कुशवाहा, जितेंद्र परमार, अमन दुबे, चेतन चौहान, भगवान सिंह यादव, रिंकी हलदार आदि की भूमिका रही.

## महिला कांग्रेस ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल के निर्देश पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर की अध्यक्षता में संगठन की मजबूती एवं मतदाता सूची के पुर्ननिरीक्षण के विषय को लेकर बैठक का आयोजन किया गया.

ब्लॉक अध्यक्ष व पधाधिकारियों को मतदाता सूची पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया. इसके उपरांत इस दौरान रक्षाबंधन पर्व मनाया गया. जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ बलवीर तोमर की उपस्थिति में रक्षाबंधन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राखियां बांधी. इस मौके पर श्री



गुजराती को जन्मदिन के अवसर पर सभी ने बधाई और शुभकामनाएं दी गई. इस मौके पर नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, हरीश राठौर, कमल चौहान, सुनील दुबे, राजाराम बड़े भाई, विवेक राठौर, केके रिछारिया, तुलसी, राजकुमार राठौर, दिलीप मालवी, नरेश, गीता राठौर, आरती खंगराले, दीप्ति कीर, माया देवी, ममता शर्मा, गजी बाई, लाड़कुंवर, अनीता सरिता बाई, राजूभाई आदि मौजूद थे.

## दुर्गादास जयंती पर आज निकलेगा चल समारोह

**सीहोर.** राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 387 वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को चल समारोह का आयोजन किया जाएगा. चल समारोह दुर्गादास राठौर पार्क गंज से प्रारंभ होगा. शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रामजानकी मंदिर गंज में संपन्न होगा. जहां आरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा. इस अवसर पर समाज के सभी बंधुओं ने सपरिवार उपस्थित होंगे. राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर धर्मशालाए गंज ध्वजारोहण और ध्वजवंदना के साथ होगी. समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, डॉ. पूरन सिंह राठौर, प्रमोद राठौर, राहुल राठौर आदि ने सर्व समाज से आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है.

## बस डिवाइडर से टकराई, 12 यात्री घायल

- इंदौर से बकतरा जा रही शिवानी बस हादसे का शिकार
- घायल यात्रियों को सिविल अस्पताल में कराया भर्ती

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** बसों की अंधी रफ्तार इन दिनों दुर्घटना का कारण बन रहीं हैं. जहां सोमवार को बुधनी में एक बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी वहीं मंगलवार को दोपहर अनियंत्रित बस डिवाईडर से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस बस दुर्घटना में एक दर्जन यात्री घायल बताए जा रहे हैं.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को लगभग ढाई बजे इंदौर से बकतरा जा रही शिवानी बस क्रमांक एमपी




37 पी 1234 रेवा पेट्रोल पंप के सामने सीहोर नाका पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर हादसे का शिकार हो गई. बस में सवार यात्रियों की चीख पुकार मचते ही मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई. मौजूद भीड़ ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया. घटना में लगभग एक दर्जन यात्रियों के घायल होने की सूचना है. पुलिस द्वारा लापरवाह वाहन चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की.

## खाद न मिलने से परेशान किसानों ने किया चक्काजाम



नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान कृषि मंत्री के संसदीय क्षेत्र में खरीफ फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया व डीएपी खाद न मिलने से इंदौर-भोपाल हाईवे को किसानों ने विरोध स्वरूप जाम कर दिया.

चक्काजाम की सूचना प्रशासनिक अमले तक पहुंची तो उन्होंने तुरंत ही डबल लाख वेयर हाउस से किसानों को टोकन देना शुरू कर दिया. तब कहीं जाकर किसानों ने जाम हटाया. लेकिन घंटों कातार के बाद एक दो-दो बोरी खाद मिलने से किसानों में मायूसी देखी गई और किसान बोले की घंटों इंतजार के बाद एक-दो बोरी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है. क्योंकि हमें कहीं अधिक खाद की आवश्यकता थी. लेकिन प्रशासन ने जाम खुलवाने के लिए प्रसाद के रूप में खाद बटवा कर किसानों के साथ छलावा किया है.

खरीफ फसल हो या रवि फसल के समय देखा जाता था कि जब फर्टिलाइजर को लेकर सरकारी एजेंसियां खाली हाथ रहती थी तब निजी एजेंसी के द्वारा किसानों की पूर्ति के लिए खाद मिल जाता था. लेकिन इस बार निजी एजेंसी ने भी इसलिए खाद नहीं मंगवाया क्योंकि उन्हें खाद के साथ नैनो डीएपी भी दिया जाता था. जो किसान खरीदने को तैयार नहीं होता था. ऐसी स्थिति में निजी व्यापारियों द्वारा जहां से भी खाद खरीदा जाता था बहा अधिक शुल्क दिया जाता था और बह अधिक दाम लेकर किसनो की पूर्ति कर दिया करते थे.

हंगामा कर रहे किसानों को का कहना था कि स्थानीय प्रशासन के द्वारा जितने भी मदद हम किसानों की जा सकती थी उतनी की जा रही है. लेकिन खाद की समस्या स्थानिक प्रशासन के हाथ में न होकर जिलाधिकारी व विधायक के हाथों में है. लेकिन बार-बार फोन करने पर न तो विधायक हमारा फोन रिसीव कर रहे हैं और न ही कलेक्टर ऐसे में हम हमारी पीड़ा किसे सुनाएं क्योंकि दोनों ही व्यक्ति जवाबदार है. लेकिन वह हमारी पीड़ा सुनने को तैयार नहीं है. किसानों की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है तभी तो इतने आंदोलन के बाद भी क्षेत्र में खाद की आपूर्ति नहीं हुई है.

## दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** मंगलवार को दुर्गादास राठौर पार्क में राठौर क्षत्रिय समाज के द्वारा राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. दंगल के दौरान कुश्ती लड़ रहे पहलवानों का शहर के पुराने बुजुर्ग पहलवानों के द्वारा उत्साह प्रदान किया गया.

राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित दंगल में शहर सहित 15 जिलों के पहलवानों ने हिस्सा लिया. दंगल प्रतियोगिता के दौरान 30 जोड़ों के बीच तगड़ा मुकाबला हुआ. पहलवानों ने मिट्टी पर प्रतिद्वंदी को चित करने के लिए दांवपेंच दिखाएं. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती मौजूद थे.

दंगल का शुभारंभ समाज



अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, डॉ. पूरन सिंह राठौर, प्रमोद राठौर जयंती अध्यक्ष राहुल राठौर द्वारा हनुमान जी और वीर दुर्गादास राठौर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. प्रतियोगिता के अंत में विजेता पहलवानों को शाल श्रीफल शील्ड और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया. दंगल के दौरान बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी नागरिक मौजूद थे.

## पंचायत सचिवों ने निकाली बाइक रैली

**सीहोर.** पंचायत सचिव संगठन के ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम मेवाड़ा ने बताया कि मंगलवार को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत में रैली का शुभारंभ किया गया. क्षेत्र के अनेक स्थानों पर करीब 300 से अधिक पंचायत सचिव, जीआरएस और कर्मचारियों ने रैली निकाली संदेश दिया. वहीं बुधवार को पौधा रोपण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए सफाई रखना अति आवश्यक है. यह सभी के सहयोग से ही संभव है, क्योंकि गंदगी ही सभी बीमारियों का मूल कारण है। स्वच्छता हमारे जीवन को सुखमय बनाने के लिए जरूरी है. बीमारियों से बचने के लिए हर घर स्वच्छता जरुरी है.

**प्रतियोगिता** — चर्च मैदान में राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

## खिलाड़ियों को सफलता का मार्ग दिखाता चर्च मैदान

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** चर्च मैदान पर मंगलवार से राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा किया गया. कार्यक्रम में विशेष अतिथि नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, योगेश उपाध्याय सहित जिला फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे.

शुभारंभ अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि शहर सहित आसपास के फुटबाल खिलाड़ियों के लिए चर्च आदर्श मैदान है. इस मैदान ने अनेक खिलाड़ियों को सफलता का मार्ग दिया है.

मंगलवार से आरंभ हुई राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीमें शामिल हैं. प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के पिता स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में आरंभ हुई प्रतियोगिता अनेक महिला खिलाड़ी शामिल हैं. जिन्होंने अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया. पहले दिन सीहोर महिला टीम ने ग्वालियर को हराया.

प्रतियोगिता में पहला मैच छिंदवाड़ा विरुद्ध नीमच के मध्य खेला गया. जिसमें छिंदवाड़ा टीम विजय रही. प्रतियोगिता में दूसरा मैच बालाघाट विरुद्ध इंदौर के मध्य मैच खेला गया. जिसमें बालाघाट विजय रही. तीसरा मैच सीहोर व ग्वालियर के मध्य खेला



गया जिसमें सीहोर विजय रही. महिला प्रतियोगिता का शहर के दो स्थानों पर मैच खेला जा रहा है. मैच के अंत में फुटबाल संघ के आनंद उपाध्याय, अरुण राठौर, शैलेंद्र चंदेल, अत्ताउल्लाह खान, अरुण पारे, दीपक बाथम, कमलेश अग्रवाल, विशाल मनोज अहिरवार, मनोज दीक्षित मामा सहित अतिथियों द्वारा पत्रकार योगेश उपाध्याय का सम्मान किया.

## जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के तथा सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिले से आए 58 आवेदकों ने अपनी समस्याओं के आवेदन दिए. जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में दूरदराज क्षेत्रों से आवेदक शामिल हुए.